# नगर पालिक निगम, भिलाई

आकाश गंगा सुपेला भिलाई , जिला – दुर्ग (छ.ग.) 490023
फोन नं. 0788-2220175,2220125 फैक्स 2295055
email-nigam_bhilai@yahoo.co.in

दिनांक 24/7/2015

क्रमांक 258
प्रति

**प्रमुख सचिव,**
**छ.ग.शासन**
**नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग,**
**महानदी भवन नया रायपुर**

विषयः– "स्वच्छ भारत मिशन" 2015 के अन्तर्गत प्रसार–प्रचार हेतु शालाओं/महाविद्या. में दिनांक 22 जुलाई 2015 तक विविध प्रतियोगिता कार्यक्रम आयोजित किये जाने के संबंध मे।

संदर्भः– छ.ग.शासन नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग का अर्द्ध शासकीय पत्र क्रं. 181/पी एस/2015 दिनांक 08.07.2015

–– 00 ––

उपरोक्त विषयान्तर्गत संदर्भित पत्र के परिपालन में नगरीय निकाय नगर पालिक निगम भिलाई द्वारा सभी शासकीय/ अर्द्ध शासकीय/निजी/बी.एस.पी विद्यालय एवं नगरीय निकाय क्षेत्रान्तर्गत महाविद्यालयीन विद्यार्थियों को सम्मिलित करते हुए **"स्वच्छ भारत मिशन"** पर आधारित लिखित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगी परीक्षा का आयोजन दिनांक **17 से 20 जुलाई 2015** तक आयोजित किया गया।

जिसके तारतम्य में **दिनांक 22 जुलाई 2015** को विजयी प्रतिभागी (प्राथमिक/माध्यमिक/उच्चतर माध्यमिक/महाविद्यालय) जिन्होने क्रमशः प्रथम ,द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया है, उन्हे शासन के निर्देशानुसार नगद राशि एव प्रशस्ति पत्र वितरित किया गया तथा वरीयताक्रम अनुसार सभी शैक्षणिक स्तर के 60 विद्यार्थियों को भी प्रोत्साहन स्वरुप प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।

तद्नुसार **"स्वच्छ भारत मिशन" के तहत** लिखित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगी परीक्षा के संबंध में संकलित जानकारी सादर संप्रेषित।

संलग्नः–
1. प्रतिभागियों का पंजीयन पत्रक (17–20 जुलाई)
2. उपयोगिता प्रमाण पत्र
3. प्रतिवेदन एवं पुरस्कार
4. विद्यार्थियों की संख्यात्मक तालिका
5. प्रतियोगिता के दौरान की गई फोटोग्राफी एवं दैनिक समाचार पत्रों की कतरन

(नरेन्द्र दुग्गा) 24/7/2015
आयुक्त
नगर पालिक निगम
भिलाई

# नगर पालिक निगम, भिलाई

आकाश गंगा सुपेला भिलाई , जिला – दुर्ग (छ.ग.) 490023
फोन नं. 0788-2220175,2220125 फैक्स 2295055
email-nigam_bhilai@yahoo.co.in

दिनांक ........................

क्रमांक



पृ.क्रं. / स्व.भा.मि. / आयो. / 2015 / 259 भिलाई दिनांक 24 / 07 / 2015

प्रतिलिपि :–

1. संयुक्त संचालक राज्य शहरी विकास अभिकरण क्षेत्रीय कार्यालय दुर्ग की ओर सूचनार्थ।
2. कलेक्टर दुर्ग को सूचनार्थ।

24/7/2015

(नरेन्द्र दुग्गा)
आयुक्त
नगर पालिक निगम
भिलाई

# कार्यालय नगर पालिक निगम भिलाई

## राज्य शहरी विकास अभिकरण

## "स्वच्छ भारत मिशन" (आई.ई.सी. एवं जनजागरूकता मद)

दिनांक 17 जुलाई से 20 जुलाई 2015 तक आयोजित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के आयोजन में विजयी प्रतिभागियों का राशि वितरण :–

//पावती//

| क्रं. | शिक्षा की श्रेणी | पुरस्कार का स्वरुप | विजयी प्रतिभागियों का नाम | विद्यालय का नाम | कक्षा | राशि (रूपये में) | विजयी प्रतिभागी का हस्ताक्षर |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | प्राथमिक | प्रथम | रोहित पंडा /श्री रंजन कुमार पंडा | डी.पी.एस.भिलाई | पांचवी | 1000.00 | |
| | | द्वितीय | कु. औरोषिश सामन्तराय/श्री मनोज कुमार | डी.पी.एस. मरौदा भिलाई | चौथी | 750.00 | |
| | | तृतीय | तनिषा कहार/श्री एस के कहार | बी.एस.पी.ई.एम.एम.एस.सेक्टर 7 | पांचवी | 500.00 | |
| 2 | माध्यमिक | प्रथम | कु. अंजली वर्मा/श्री जगदीश प्रसाद | बी.एस.पी.ई.एम.एम.एस.सेक्टर 4 | आठवी | 1000.00 | |
| | | द्वितीय | अनुभव पाल/श्री सुशांत पाल | डी.पी.एस. रिसाली भिलाई | आठवी | 750.00 | |
| | | तृतीय | कु. ए.अक्षिता/श्री ए.व्ही.दयाशंकर | बी.एस.पी.ई.एम.एम.एस.सेक्टर 9 | आठवी | 500.00 | |
| 3 | उच्चतर | प्रथम | रिषिकेश गुप्ता/श्री रविन्द्र गुप्ता | जी.बी.एन.पब्लिक स्कुल खुर्सीपार | दसवी | 1000.00 | |
| | | द्वितीय | कु. हर्षिता डोकानिया/श्री संजय | डी.पी.एस.भिलाई | ग्यारहवी | 750.00 | |
| | | तृतीय | कु. अदिती सिंह /श्री रविन्द्र सिंह | एम.बी.वी.बी. | दसवी | 500.00 | |

| क्र. | शिक्षा की श्रेणी | पुरस्कार का स्वरूप | विजयी प्रतिभागियों का नाम | विद्यालय का नाम | कक्षा | राशि (रूपये में) | विजयी प्रतिभागी का हस्ताक्षर |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | महाविद्यालय | प्रथम | मनीष वर्मा/श्री विपिन पाल वर्मा | आर.सी.ई.टी. | बी.ई. पांचवा | 2000.00 | |
| | | द्वितीय | कुन्दन कुमार/श्री एंच के साहू | साई कालेज | बी.सी.ए.प्रथम | 1500.00 | |
| | | तृतीय | कु. आस्था टेंभरे/श्री ए.एस.टेंभरे | आर.सी.ई.टी. | बी.ई. पांचवा | 1000.00 | |
| | | | | | योग | 11250.00 | |

प्रमाणित किया जाता है कि उपरोक्तानुसार विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कार राशि का वितरण किया गया।

प्रभारी अधिकारी (शिक्षा)
नगर पालिक निगम
भिलाई

# कार्यालय नगर पालिक निगम भिलाई

**"स्वच्छ भारत मिशन सत्र 2015"**

क्रमांक / .........  दिनांक / 07 / 2015

**/ / उपयोगिता प्रमाण पत्र / /**

छ0ग0 शासन नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग से जारी अर्द्ध शासकीय पत्र क्रमांक 181 / पी.एस. / 2015 दिनांक 08.07.2015 के परिपालन में **"स्वच्छ भारत मिशन"** आधारित प्रचार प्रसार के तहत नगर पालिक निगम भिलाई में नगरीय निकाय क्षेत्रान्तर्गत सभी शासकीय, अर्द्धशासकीय, निजी, बी.एस.पी. के स्कूली बच्चों एवं महाविद्यालय के युवाओं को सम्मिलित करते हुए दिनांक 15–22 जुलाई 2015 तक लिखित प्रश्नोत्तरीय प्रतियोगी परीक्षा का आयोजन किया गया। इस आयोजन की प्रारंभिक तैयारी से लेकर अंतिम प्रतियोगिता पश्चात विजयी प्रतिभागियों एवं वरीयता क्रम में 15–20 समुह में विद्यार्थियों को प्रोत्साहन स्वरूप प्रशस्ति पत्र का वितरण कर कार्यक्रम का समापन किया गया।

उपरोक्तानुसार दिनांक 15 से 22 जुलाई 2015 तक आयोजित प्रतियोगिता में शासन से निर्धारित अनुसार विजयी प्रतिभागियों को जिन्होंने प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त किया है। उन्हें राशि कुल 11,250.00 (ग्यारह हजार दो सौ पच्चास रूपये) नगद वितरण कर प्राप्ति अभि–स्वीकृति प्राप्त किया गया। इसके अतिरिक्त प्रतियोगिता के प्रारंभिक तैयारी एवं समाप्ति तक विविध कार्य में कुल राशि 3,51,730.00 (तीन लाख इन्कावन हजार सात सौ तीस रूपये) व्यय कर आवश्यकतानुसार उपयोग किया गया। जिसके संबध में व्यय विवरण की वित्तीय तालिका निम्नानुसार प्रस्तुत है:–

| क्रं. | कार्य का प्रयोजन | व्यय की राशि |
|---|---|---|
| 1 | प्रतियोगी परीक्षा में कार्यालयीन कार्य के लिए आवश्यक स्टेशनरी सामग्री –जैसे – प्रश्नोत्तरी पेपर, प्रिंट आउट, फोटोग्राफी,पेपर रिम, पेन, पेन्सील, रबर, मोमबत्ती, चपड़ा, स्टेप्लर एवं अन्य आवश्यक स्टेशनरी | 63988.00 |
| 2 | प्रचार प्रसार हेतु फ्लैक्स बैनर, होर्डिंग 55 नग, मिडिया में प्रकाशन, लोकल टिवी चैनल में व्यापक प्रचार प्रसार हेतु विज्ञापन। | 150456.00 |
| 3 | प्रतियोगी परीक्षा में संलग्न परीक्षा केन्द्र के स्कुली शिक्षक (पर्यवेक्षक, परीक्षक एवं स्कूली कार्यालयीन स्टॉप) के लिए स्वल्पाहार एवं लंच पैकेट पर व्यय दिनांक 17,19 व 20 जुलाई 2015 तक कुल 3 दिन | 38213.00 |
| 4 | प्रतियोगिता के समापन उपरान्त दिनांक 22 जुलाई 2015 को प्रमाण पत्र मुद्रण सम्मिलित बच्चों, शिक्षकों का स्वल्पाहार एवं अतिथियों के सत्कार एवं स्वागत व्यय। | 19828.00 |
| 5 | प्रतियोगिता दिवस में परीक्षा केन्द्रों के लिए बैनर, मुद्रण, फोटोग्राफी, विडियो ग्राफी तथा पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में फोटोग्राफी, विडियों ग्राफी में व्यय | 56544.00 |

सहायक आयुक्त
नगर पालिक निगम
भिलाई

| | | |
|---|---|---|
| 6 | दिनांक 10.07.2015 से 22.07.2015 तक प्रतियोगिता संबधी संपूर्ण क्षेत्रीय कार्य के लिए परिवहन व्यय। | 22701.00 |
| 7 | प्रतियोगी परीक्षा में विजयी प्रतिभागियों का नगद राशि वितरण व्यय (शासन द्वारा निर्धारित प्रथम, द्वितीय,तृतीय कुल 12 प्रतियोगी प्राथमिक,माध्यमिक,उच्चतर माध्यमिक एवं महाविद्यालय) के तहत राशि का वितरण पर व्यय | 11250.00 |
| | योग | 362980.00 |

तदनुसार प्रमाणित किया जाता है कि शासन के निर्देशो के अनुरूप **"स्वच्छ भारत मिशन सत्र 2015"** के प्रचार प्रसार हेतु आयोजित नगर पालिक निगत भिलाई द्वारा नगरीय निकाय के सभी विद्यालय/महाविद्यालय के विद्यार्थियों का लिखित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगी परीक्षा में विविध व्यय की राशि कुल 362980.00 ( तीन लाख बैसठ हजार नौ सौ अस्सी रूपये) नगर पालिक निगम भिलाई द्वारा विविध मद के अन्तर्गत निगम कोष से व्यय कर उपयोग किया गया।

तद्संबध में उपयोगिता प्रमाण पत्र सादर संप्रेषित।

सहायक आयुक्त
नगर पालिक निगम
भिलाई

# कार्यालय,नगर पालिक निगम भिलाई

## " स्वच्छ भारत मिशन 2015 "

## स्वच्छ भारत मिशन 2015 के अन्तर्गत विद्यालयीन एवं महाविद्यालयीन विद्यार्थियों की प्रतियोगी परीक्षा आयोजन संबंधी प्रतिवेदन

## दिनांक 17 जुलाई से 20 जुलाई 2015

छ.ग.शासन नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग का अर्द्ध शासकीय पत्र क्रं. 181/PS/2015 दिनांक 08.07.2015 के परिपालन में स्वच्छ भारत मिशन 2015 के तहत नगरीय निकाय नगर पालिक निगम भिलाई द्वारा विद्यालय एवं महाविद्यालय में अध्ययनरत् विद्यार्थियों का स्वच्छ भारत मिशन आधारित लिखित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगी परीक्षा का आयोजन विभिन्न शैक्षणिक संस्था में **दिनांक 17 जुलाई से 20 जुलाई 2015 तक दो चरणों** में आयोजित किया गया।

**प्रतियोगिता की कार्य योजना :–**

नगर पालिक निगम भिलाई में वर्तमान में स्थापित कुल 288 विद्यालय एवं 30 महाविद्यालय के शैक्षणिक संस्था प्रमुख से संपर्क कर अपने स्तर पर परीक्षा आयोजित कर प्रतियोगिता में प्रत्येक विद्यालय से दो दो बच्चे चयनित कर दिनांक 17 जुलाई 2015 परीक्षा केन्द्र शा.कन्या उ.मा.शाला वैशालीनगर ,बी एस पी कन्या उ.मा.वि.सेक्टर 11 जोन 2 खुर्सीपार एवं भिलाई विद्यालय सेक्टर 2 भिलाई मे भेजने हेतु निर्देश पत्र जारी किया गया। महाविद्यालयीन विद्यार्थियों के लिए 19 जुलाई 2015 को भिलाई विद्यालय सेक्टर 2 में परीक्षा आयोजित की गयी। इस संबंध में सभी महाविद्यालयीन शैक्षणिक संस्था प्रमुख को 13.07.2015 को अवगत कराने हेतु पत्र जारी किया गया।

**प्रतियोगिता दिवस में शैक्षणिक संस्था एवं विद्यार्थियों की सहभागिता :–**

दिनांक 17 जुलाई 2015 को नगर पालिक निगम भिलाई द्वारा आयोजित लिखित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में **कुल 200 विद्यालय के 448 विद्यार्थी** प्रतियोगिता में शामिल हुए इन विद्यार्थियों में वरीयता कम अनुसार **40 विद्यालय के 52 विद्यार्थियों** को अन्तिम प्रतियोगिता हेतु चयन किया गया। इसी प्रकार दिनांक 19 जुलाई 2015 को **कुल 14 महाविद्यालय के 88 विद्यार्थी** प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में सम्मिलित हुए थे। इन विद्यार्थियों में **कुल 6 महाविद्यालय के 20 विद्यार्थी** का चयन अन्तिम प्रतियोगिता के लिए किया गया। यह अन्तिम प्रतियोगिता **दिनांक 20 जुलाई 2015 को भिलाई विद्यालय सेक्टर 2** में आयोजित की गई थी।

**प्रतियोगिता के पुरस्कार वितरण एवं संगोष्ठी का आयोजन :–**

दिनांक 22 जुलाई 2015 को को निर्धारित समय 12.00 बजे से पहले ही विभिन्न विद्यालय/महाविद्यालय के छात्र/छात्रा पुरे उत्साह के साथ नगर पालिक निगम के सभागार में उपस्थित हुए। कार्यकम के मुख्य अतिथि आर.संगीता कलेक्टर दुर्ग के आगमन पर स्कुली बच्चों द्वारा ही स्वागत, माता सरस्वती के तेल चित्र पर पुष्पाजंल अर्पित कर दीप प्रज्वलित किया गया। तदपश्चात बच्चों द्वारा **" स्वच्छ भारत मिशन 2015 में मेरी भागीदारी "** पर परिचर्चा में सम्मिलित बच्चों के छोटे सुझाव जैसे सफाई की शुरुआत अपने घर से करेगें, अपने माता पिता के साथ घर की सफाई करते हुए पडोसियों को भी जागृत करेगें। विजेता बच्चो के व्याख्यान का स्वरुप इस प्रकार का था।

सहायक आयुक्त
नगर पालिक निगम
भिलाई

1. **मयुर सोंगले (बी.सी.ए. रुंगटा कालेज)** :– प्रधानमंत्री मान.नरेन्द्र मोदी द्वारा गांधी जी के स्वच्छ भारत के सपने को साकार करने स्वच्छता अभियान का पूरे भारत में प्रारंभ किया गया है। जिसमें भारत के प्रतिष्ठित 9 लोगो को चुना गया है। इसके साथ ही उन 9 –9 लोगो को अपना सदस्य बनाने कहा गया है। हमें अपने घर से स्वच्छता प्रारंभ कर आस–पास के लोगो को प्रेरित करना चाहिए। इससे लोगो में स्वच्छता के प्रति जागरुकता पैदा होगी। नगर निगम भिलाई द्वारा अच्छा कार्यक्रम रखा गया है जिसमें हम बच्चों को शामिल कर इसमें भागीदारी के लिये निगम को धन्यवाद दिया गया।

2. **मनीष वर्मा (R.C.E.T. BE)** :– स्वच्छता पर अपने विचार प्रकट करते हुए कहा कि हम किसी भी चीज को सिखते है सुनते है आज संगोष्ठी में अपने विचार प्रकट कर रहे है परंतु यहॉ से बाहर जाने के बाद भुल जाते है। जिसके लिए सुझाव दिया कि स्वच्छता के संबंध में एक स्कुल में पाठयक्रम होना चाहिए। आज गंदगी के कारण आने वाले समय में बच्चे इनका शिकार हो सकते है। स्वच्छता से देश की तरक्की नही होगी बल्कि इससे खुद का विकास होगा। इस कार्यक्रम के लिए निगम भिलाई को धन्यवाद दिया।

3. **रितु पासवान भिलाई विद्यालय सेक्टर 2 (11वी)** :– स्वच्छता अभियान के संबंध में कहा कि स्वच्छता अपने घर से प्रारंभ कर हम ज्यादा से ज्यादा लोगों को इस अभियान में जोडे हमे पहले अपने आप को सुधारना होगा फिर देश में अपने आप सुधार होगा।

4. **हर्षिता डोकानिया डी.पी.एस. रिसाली (11वी)** :– स्वच्छता अभियान के संबंध में अपने विचार रखते हुए कहा कि हमे अपने आसपास के सफाई पर ध्यान देना चाहिए। गंदगी से हमारे मस्तिस्क पर भी बुरा प्रभाव पडता है। कचरे का उपयोग अन्य संसाधनों में उपयोग करना चाहिए जिससे बिजली जैसे महत्वपूर्ण कार्य में उपयोग किया जा सकता है। हम इसके लिए सीधे– सीधे सरकार को जिम्मेदार ठहराते है लेकिन अपनी जिम्मेदारी भुल जाते है। अपनी जिम्मेदारी का निर्वाह करते हुए इसमें अपना योगदान दे सकते है जिससे स्वच्छता का सपना साकार हो सकें। निगम भिलाई को धन्यवाद दिया।

**5 कु. गायत्री चौधरी गुरुगोविंद सिंह पब्लिक स्कुल सेक्टर 11 खुर्सीपार (5वी)** :– हमे हमारे घर से निकलने वाले कचरे को कुडेदान में डालना चाहिए हमे अपनी सोच को बदलना होगा इससे स्वच्छ भारत का सपना साकार होगां निगम भिलाई को धन्यवाद दिया।

**6. कु. वानिकी युग चेतना पब्लिक स्कुल जुनवानी (11वी)** :– स्वच्छता अभियान चलाने से शहर स्वच्छ नही होगा बल्कि पहले अपने आपको सुधारना होगा जो लोग कचरे को साफ करते है उनके प्रति हमारे विचार को बदलना होगा और हमे अपनी जिम्मेदारी को निभानी होगी। तभी शहर को साफ सुथरा रख सकते है। पहले नगर निगम भिलाई अपने कार्यालय को सफाई करायें। यहॉ बहुत गंदगी है।

**7. पार्थ शर्मा सेन्ट थामस कालेज रुआबांधा (पत्रकारिता)**:– स्वच्छ भारत अभियान के संबंध में स्वच्छता के संबंध में विदेशो के बारे में बाते करते है। वहॉ पर लोग अपनी दिनचर्या में स्वच्छ को अपना लिए है जबकि हम लोग अपने घर को ही स्वच्छ रखते है शहर को तथा अपने आसपास को स्वच्छ रखना निगम की जिम्मेदारी बताते है। हमें अपने घर की तरह शहर व समाज को स्वच्छ रखने हेतु लोगो को प्रेषित करना होगा। तभी स्वच्छ भारत का सपना साकार होगा।

.. 3 ..

सहायक आयुक्त
नगर पालिक निगम
भिलाई

**8. अध्यक्ष महोदय (श्री राजेन्द्र अरोरा जी)** :– निगम अध्यक्ष ने अपने विचार प्रकट करते हुए कहा कि मॉ अपने बच्चों को स्वच्छता के बारे में बताती है हम अपने घर को आवश्यकतानुसार दिन में दो से तीन बार सफाई करते है जब तक स्कुल के लिए जाते है तो घर की तरह ही देवी मंदिर को साफ स्वच्छ रखते है। हमारी प्रथम गुरु माता है जिसमें हमे स्वच्छता का ज्ञान देती है। इसके विपरीत क्षेत्र परिस्थिति अलग है लोग घर के सामने कचरा फेक देते है निगम का गाडी का इंतजार करते है। आसपास के रोड–नाली में भी कचरा डालते है। लोगो को अपने घर की तहत भिलाई को अपना समझेगें तभी स्वच्छ भारत का सपना साकार होगा। स्वच्छता अभियान में हम 50 प्रतिशत कामयाब हुए है। सीढीयों में लोग गंदगी फैलाते थे इसीलिए टाइल्स में भगवान का फोटो लगाये गये थे। इसमें स्वच्छता के प्रति लोगो में जागरुकता पैदा होगी। प्लास्टिक को प्रतिबंध किया गया है। लेकिन प्लास्टिक बनाने वाले पर प्रतिबंध हो। इस अभियान में शहर के बुजुर्गो से लेकर बच्चे जुडे हुए है जिसका मै स्वागत करता हूँ। धन्यवाद देता हूँ।

**9. आयुक्त महोदय** :– आयुक्त महोदय ने कहा कि स्वच्छता अभियान स्वच्छ भारत मिशन 17 जुलाई से 21 जुलाई तक चला स्वच्छता मिशन निगम तक सीमित था। अब सरकार इसे शहर के घर–घर ,गली – गली तक पहुचाना चाहती है। हमे निगम के सफाई के बारे में ध्यान में लाया गया है। जिसे तुरंत अमल किया जायेगा। जब हम इस मिशन में शत प्रतिशत तक पहुचेंगे तक पुरे शहर स्वच्छ हो जायेगा।आज पुरे क्षेत्र में 10 हजार घरों में शौचालय नही है जिसमें से 3 से 4 हजार (घर) परिवार सेक्टर में निवास करते है। जो खुले शौच करते है। हम पुरे शहर में गली– गली तक स्वच्छता अभियान का लोगों मे जागरुकता लाना चाहते है। निगम भिलाई लोगों में जागरुकता लाने **व्हाटशॉप ग्रुप एवं एस.एम.एस.** के माध्यम से इस मिशन के बारे में सिखना एवं सिखाना चाहते है। कई मोहल्ले है जहॉ लोग अपने स्तर में डस्टबीन की व्यवस्था किये है। कुछ लोग अपने आसपास गार्डनों का निर्माण कर स्वच्छता का परिचय दिया। हम इस अभियान का एस.एम.एस.के द्वारा 10 हजार लोगो को जोडे है। इस अभियान को कलेक्टर महोदया के मार्गदर्शन एंव जनप्रतिनिधियों तथा चेंबर आफ कामर्स ,सामाजिक संस्थाओं के सहयोग से मैदान में अच्छे से अच्छे करेगें। अंत में उपस्थित विद्यार्थियों को धन्यवाद दिया।

**10. कलेक्टर महोदया** :– कलेक्टर महोदया ने कहा कि स्वच्छता अभियान के समय में प्रशिक्षण में थी इस दौरान कई देशों का भ्रमण कराया गया जिसका अनुभव उन्होने बताया। कलेक्टर महोदया ने कहा कि स्वच्छता किसी को सिखाने की चीज नही है जब बच्चे को नहाना,खाना,कपडा पहनना सिखाया नही जाता है वैसे ही सफाई रखने को सिखाने की आवश्यकता नही है। बच्चों से पुछा कि आप लोग चाकलेट खाकर कितने लोग रेपर को अपने पास रखते है या बाहर फेक देते है। बच्चों ने अपने पास ही रखने को कहा कुछ लोग लेस केले के छिलके खाकर रोड में फेक देते है। ऐसी लोगो मे जागरुकता पैदा करना पडेगा। भिलाई व दुर्ग के वार्डो में नाली जाम घर वालो के कारण होते है जो नाली में कचरे डाल देते है। आगे कहा कि आज बच्चों की मां जिम जाती है। बच्चे अपने मां से कहे दिन में दो बार कचरा डालने बाहर जाये जिससे पतली हो जायेगें। बच्चों को गंदगी से 6 से 14 वर्ष तक के उम्र में ऑख में इंफेक्शन हो जाती है। जिसका कारण गंदगी है। हम लोग डस्टबीन से ज्यादा कचरा बाहर डाल

.. 4 ..

सहायक आयुक्त
नगर पालिक निगम
भिलाई

देते है। जल्द बाजी में गंदगी फैलाते है। जो भी अधिकारी है, वो आकर चले जायेगे। लेकिन शहर आपका है शहर को स्वच्छ रखना है। हमे घर,मोहल्ला,शहर को स्वच्छ रखने की संकल्प लेना होगा। कुडा कचरा निर्धारित स्थान पर डालें। कलेक्टर महोदया ने निगम भिलाई की तारीफ करते हुए कहा कि यहॉ के व्यापारी जनप्रतिनिधि,सामाजिक संस्थाओं का सहयोग सराहनीय रहा है। सबसे पहले आप लोग खुब मेहनत करों एवं ईमानदारी रखे तथा अच्छे इंसान के साथ डाक्टर ,इंजिनियर बने। मेहनत कर अमीर हो सकते है। ज्ञान शिक्षा के बिना अधूरी है। अच्छा इंसान दुसरों की दुख को समझता है।

**अंत में बच्चों द्वारा पुछे गये प्रश्नों का जवाब दिये।**

श्री वाई.आर.राजेन्द्र कुमार राव व्याख्याता द्वारा स्वच्छ भारत मिशन प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के आयोजन के संबंध में विस्तृत जानकारी दी तथा सफल परीक्षार्थियों को कलेक्टर महोदया,अध्यक्ष महोदय एवं प्रभारी सदस्य महिला एवं बाल विकास श्रीमती रेणुका जोहन सिन्हा एवं आयुक्त महोदय द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं नगद राशि प्रदान किया गया।

तदनुसार प्रतिवेदन सादर संप्रेषित।

सहायक आयुक्त
नगर पालिक निगम,
भिलाई